## न्यूज डायरी



### सिखों को शामिल करने के लिए अमेरिकी वायु सेना ने बदला ड्रेस कोड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना ने सिखों सहित विभिन्न समुदायों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अपने ड्रेस कोड में बदलाव किया है ताकि इन समुदाय के लोगों को बल में शामिल होने में किसी अड़चन का सामना नहीं करना पड़े। वायु सेना की नई नीति को 7 फरवरी को अंतिम रूप दिया गया। नागरिक अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था श्सिख कोअलिशनश ने कहा कि किसी भी सिख–अमेरिकी को अपनी धार्मिक मान्यताओं और अपनी करियर की महत्वाकांक्षाओं के बीच चयन नहीं करना चाहिए। संस्था ने कहा कि वायुसेना में नीतिगत बदलाव उसके अभियान का परिणाम है जो उसने 2009 में शुरू किया था। सिख कोओलिशन के वकील गिजेले क्लैपर ने कहा, श्सिखों ने अमेरिकी सुरक्षा बलों और दुनियाभर की मिलिटरी में सम्मानपूर्वक तरीके से अपनी क्षमता के अनुरूप सेवाएं दी हैं।

### कोरोना वायरसः संयुक्त अरब अमीरात में मामलों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। संयुक्त अरब अमीरात में कोरोना वायरस की जांच में दो और लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। इसी के साथ यहां पीड़ितों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इन दो पुरुष मरीजों में फिलीपीन का 34 वर्षीय व्यक्ति और बांग्लादेश का 39 वर्षीय व्यक्ति शामिल है। संयुक्त अरब अमीरात के स्वास्थ्य एवं रोकथाम मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि ये लोग कोरोना वायरस से पीड़ित चीन के एक मरीज से सीधे तौर पर संपर्क में थे। चीन में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 2,345 तक पहुंच चुकी है। वहीं संक्रमण के मामले तो 76,288 पहुंचा हुआ है। गल्फ न्यूज की खबर के मुताबिक कोरोना वायरस के मरीजों के संपर्क में आने वाले सभी लोगों की जांच की जा रही है।

### अफगानिस्तान में छिटपुट हमलों के बीच सप्ताह भर का संघर्षविराम शुरू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान में छिटपुट हमलों के बीच शनिवार से एक सप्ताह का आंशिक संघर्ष विराम शुरू हो गया जबकि इसका जश्न मनाने के लिये लोग सड़कों पर उतर आए। इस संघर्ष विराम को अफगानिस्तान युद्ध का एक अहम मोड़ माना जा रहा है। इससे पहले तालिबान, अमेरिका और अफगान बल हिंसा में तथाकथित कमी लाने पर सहमत हुए। अगर यह संघर्ष विराम बरकरार रहता है तो अफगानिस्तान में 2001 के बाद से जारी लड़ाई में यह दूसरा शांति काल होगा। काबुल में एक टैक्सी चालक हबीब–उल्ला ने कहा, श्यह पहली सुबह है जब मैं आत्मघाती बम हमले में मारे जाने के डर के बिना बाहर निकला हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि हमेशा ऐसा ही रहे। देश के अन्य हिस्सों में लोगों ने नाच कर संघर्ष विराम का स्वागत किया।

### कोरोना वायरस से मरनेवालों की संख्या 2,300 के पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन में कोरोना वायरस के चलते 109 और मौतों के साथ इससे मरने वालों की संख्या 2,345 पर पहुंच गई है जबकि 76,288 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कोविड–19 बीमारी के प्रकोप की जांच के फिलहाल देश में मौजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञ सर्वाधिक प्रभावित वुहान शहर का शनिवार को दौरा कर सकते हैं। चीन के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को कुल 397 लोगों में कोविड–19 की पुष्टि हुई है जबकि 31 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों से 109 लोगों की मौत होने की खबर मिली है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) की नियमित रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया है कि शुक्रवार के अंत तक बीमारी से कुल 2,345 लोगों की मौत हो गई और देश भर में 76,288 लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है।

# भारत दौरे पर पीएम मोदी के सामने धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा उठाएंगे ट्रंप

**भारत दौरा**

## भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं और संस्थानों का बहुत सम्मान करता है अमेरिका



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप अगले हफ्ते अपनी भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा उठा सकते हैं। वाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दुनिया धार्मिक स्वतंत्रता कायम रखने के लिए भारत की तरफ देख रही है। अधिकारी ने कहा कि अमेरिका, भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं और संस्थानों का बहुत सम्मान करता है। **भारत दुनिया के चार बड़े धर्मों का उद्गम स्थल हैः** वाइट हाउस के अधिकारी ने कहा कि भारत धार्मिक और भाषायी रूप से समृद्ध और सांस्कृतिक विविधता वाला देश है। उन्होंने आगे कहा, यहां तक कि वह दुनिया के चार बड़े धर्मों का उद्गम स्थल है। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल चुनाव जीतने के बाद अपने पहले भाषण में इस बारे में बात की थी कि वो भारत के धार्मिक अल्पसंख्यकों को साथ लेकर चलने को प्राथमिकता देंगे और निश्चित तौर पर दुनिया की निगाहें कानून व्यवस्था के तहत धार्मिक स्वतंत्रता बनाए रखने और सभी के साथ समान व्यवहार करने के लिए भारत पर टिकी है।

24 **फरवरी से दो दिवसीय भारत दौरे पर ट्रंपः** वाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी ने कॉन्फ्रेंस कॉल में पत्रकारों से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अपने सार्वजनिक और निश्चित तौर पर निजी, दोनों भाषणों में हमारी साझा लोकतांत्रिक परम्परा और धार्मिक आजादी के बारे में बात करेंगे। वो इन मुद्दों को उठाएंगे। खासतौर से धार्मिक आजादी का मुद्दा, जो इस प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ट्रंप के भारत दौरे को लेकर वाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी से पूछा गया था कि क्या संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) या एनआरसी पर ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने की योजना है।

इस पर वाइट हाउस के अधिकारी ने बताया, हमारी सार्वभौमिक मूल्यों, कानून व्यवस्था को बरकरार रखने की साझा प्रतिबद्धता है। हम भारत की लोकतांत्रिक परम्पराओं और संस्थानों का बड़ा सम्मान करते हैं और हम भारत को उन परम्पराओं को बरकरार रखने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

**व्हाइट हाउस के वरिष्ठ अधिकारी ने बतायाः** सीएए और एनआरसी के सवाल पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, श्हम आपकी ओर से उठाए गए कुछ मुद्दों को लेकर चिंतित हैं। मुझे लगता है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। दुनिया अपनी लोकतांत्रिक परम्पराओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों का सम्मान बनाए रखने के लिए भारत की ओर देख रही है। अधिकारी ने कहा, श्जाहिर तौर पर भारतीय संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता, धार्मिक अल्पसंख्यकों का सम्मान और सभी धर्मों से समान व्यवहार की बात है। यह राष्ट्रपति के लिए महत्वपूर्ण है और मुझे भरोसा है कि इस पर बात होगी।

## पाकिस्तान में सुरक्षा अभियान में पांच आतंकवादी मारे गए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेशावर। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने आतंकवादी हमले की कोशिश को नाकाम कर दिया और आत्मघाती हमलावर समेत पांच आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि देश के उत्तरपश्चिम क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान ये आतंकवादी मारे गए।

आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने शुक्रवार को कहा कि पेशावर जिले के शगाई इलाके में सुरक्षा अभियान चलाया गया, जब जिले के करीबी परिसर में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। पेशावर के पुलिस अभियान के वरिष्ठ अधीक्षक जहूर बाबर अफरीदी ने बताया कि सीटीडी ने पेशावर जिले के मारथा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शगाई इलाके में आतंकवादी हमले की कोशिश नाकाम की और पांच आतंकवादियों को मार गिराया।

अफरीदी ने बताया कि आतंकवादी पेशावर के पास के जगाई पर्वत क्षेत्र से यहां घुसे थे ताकि आतंकवादी हमले को अंजाम दे सकें। आतंकवादियों के पास से विस्फोटक पदार्थ और हथियार बरामद हुए, और इसके अलावा तीन आत्मघाती जैकेट, दो पिस्तौल, दो हथगोले और तीन सबमशीन बंदूकें जब्त की गई हैं।



## दिमाग की सर्जरी के दौरान मरीज ने बजाया वायलिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। लंदन के किंग्स कॉलेज हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने एक म्यूजिशियन के ब्रेन ट्यूमर को निकालने के लिए सर्जरी की। खास बात रही कि सर्जरी के वक्त म्यूजिशियन लगातार अपना वायलिन बजाती रहीं। लंदन के किंग्स कॉलेज हॉस्पिटल की वेबसाइट के मुताबिक, 53 वर्षीय मरीज का नाम डाग्मर टर्नर है। सर्जरी से पहले उनके दिमाग के उन हिस्सों को चिन्हित किया गया जो तब ऐक्टिव रहते हैं जब वह वायलिन बजाती हैं। जानकारी के मुताबिक, डॉक्टर्स ने सर्जरी के बीच में ही उन्हें जगा दिया ताकि टीम उनके दिमाग के उस हिस्से को कोई नुकसान न पहुंचा बैठें जो डाग्मर के हाथों की हलचल को कंट्रोल करते हैं।

## अफगानिस्तान में खत्म होगा 18 साल पुराना संघर्ष? एक्सपर्ट बोले- आकलन मुश्किल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अफगनिस्तान में अमेरिका के सबसे लंबे युद्ध के खत्म होने की सारी उम्मीदें यहां हुए हफ्ते भर के बेहद नाजुक संघर्षविराम को बरकरार रखने पर निर्भर है। इस समझौते के बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि इसका आकलन बेहद मुश्किल है और यह चुनौतियों से भरा हुआ है। क्या हो अगर आत्मघाती जैकेट पहने कोई एक आतंकवादी काबुल के बाजार में दर्जनों को मार दे या इस्लामिक स्टेट चरमपंथियों को लक्ष्य बना कर किए गए अमेरिकी हवाई हमले में तालिबान का कोई सदस्य मारा जाए तो क्या इससे समझौता



खत्म हो जाएगा?

शुक्रवार को प्रभावी इस समझौते में देश भर में सड़कों के किनारे होने वाले विस्फोट, आत्मघाती हमले और तालिबान, अफगान और अमेरिकी बलों के बीच होने वाले रॉकेट हमलों समेत तमाम अन्य हमलों को खत्म करने का आह्वान किया गया है। लेकिन 18 वर्षों से अधिक समय से हिंसा से ग्रस्त रहे देश में समझौते का उल्लंघन हुआ है या नहीं, यह निर्धारित करना मुश्किल कार्य होगा। और देश में कई समूह एवं तत्व हैं जो इस समझौते को खत्म होते देखना चाहेंगे।

सामरिक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र में वरिष्ठ सलाहकार और अफगान विशेषज्ञ सेठ जोन्स ने कहा, यह चुनौती इसलिए है क्योंकि यह विकेंद्रित चरमपंथ है। उन्होंने कहा, किसी भी मिलिशिया के कमांडर, तालिबान के तत्व, हक्कानी नेटवर्क और अन्य स्थानीय बल जो इस समझौते से नाखुश हैं, उनके पास हिंसा करने के लिए बहुत से मौके हैं।' हक्कानी नेटवर्क तालिबान से जुड़ा चरमपंथी संगठन है।

तालिबान ने शुक्रवार देर रात एक बयान जारी किया था कि उनकी सैन्य परिषद ने कमांडर और गवर्नरों को विदेशी एवं अफगान बलों के खिलाफ सभी हमले रोकने का निर्देश दिया है।

## सस्ते, छोटे हथियार कई आतंकवादी समूहों के पसंदीदा बने: यूएन एंटी टेरर चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी प्रमुख ने कहा कि सस्ते और आसानी से मिलने वाले छोटे हथियार दुनियाभर में शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे कई आतंकवादी समूहों का तेजी से 'पसंदीदा हथियार' बनते जा रहे हैं। आतंकवाद विरोध के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोन्कोव ने कहा, 'छोटे हथियारों और हल्के अस्त्र–शस्त्र की अवैध तस्करी के खिलाफ अपर्याप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया और साथ ही कमजोर सीमाओं से आतंकवादियों तथा अपराधियों को एक देश या क्षेत्र से दूसरी जगह अवैध हथियारों को ले जाने में मदद मिलती है।' उन्होंने कहा, 'छोटे हथियार और हल्के हथियार तेजी से दुनियाभर में कई आतंकवादी समूहों के पसंदीदा हथियार बन रहे हैं क्योंकि ये सस्ते और आसानी से उपलब्ध होने वाले, लाने–ले जाने, छिपाने और इस्तेमाल करने में सुविधाजनक हथियार हैं।' ऐसा कहा जाता है कि छोटे अवैध हथियारों और हल्के अस्त्र–शस्त्रों की तस्करी समेत आतंकवाद और संगठित अपराध के बीच संबंध अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और यह सतत विकास में बाधा है।